# उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)

# Uttarakhand Power Corporation Ltd.

(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)

CIN : U40109UR2001SGC025867

Email ID: md@upcl.org, Website: www.upcl.org

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

पत्रांकः /प्र0नि0/उपाकालि/ I-7 दिनांकः 28/07/2025

**महत्वपूर्ण/अतिआवश्यक**

मुख्य अभियन्ता (वितरण)
उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0
गढ़वाल जोन/हरिद्वार जोन/कुमॉऊ जोन/रूद्रपुर जोन
देहरादून/हरिद्वार/हल्द्वानी/रूद्रपुर।

विषयः **विद्युत सुरक्षा ऑडिट कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश।**

कृपया उपरोक्त विषयक यह विदित है कि वर्तमान में प्रदेश के विभिन्न स्थानों मुख्यतः तीर्थस्थलों, पर्यटन स्थलों, नगरों, कस्बों एवं मेले/उत्सव स्थलों पर अत्यधिक जनसमूह की उपस्थिति देखी जा रही है। इसके दृष्टिगत विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यन्त आवश्यक है।

इस सम्बन्ध में यह निर्देशित किया जाता है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त वितरण मण्डलों, खण्डों के अन्तर्गत आने वाले संवेदनशील स्थानों व ऐसे स्थान जहां सार्वजनिक आवागमन अपेक्षाकृत अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर **विद्युत सुरक्षा ऑडिट** किया जाना सुनिश्चित करें। यह ऑडिट उच्च अधिकारियों के सुपरविजन में तकनीकी टीम द्वारा क्षेत्रीय निरीक्षण के माध्यम से किया जाए तथा निरीक्षण के दौरान मुख्यतः खुले अथवा असुरक्षित वायरिंग की स्थिति, ढ़ीले कनैक्शन, उपकरणों की अर्थिंग, खुले डी0बी0, जंक्शन बॉक्स तथा ट्रांसफार्मरों/एल0टी0 पैनल्स की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। साथ ही समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) को आदेशित किया जाए कि वह अपने-अपने क्षेत्र की **विद्युत सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट** शीघ्रताशीघ्र पूर्ण कर निदेशक (परिचालन) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के संज्ञानार्थ प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

**(अनिल कुमार)**
**प्रबन्ध निदेशक**

**पत्रांकः** 5922 **/प्र0नि0/उपाकालि/ तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नवत् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक (परियोजना/परिचालन/वित्त), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
2. अधिशासी निदेशक (मा0सं0/तकनीकी), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
3. समस्त अधीक्षण अभियन्ता (वितरण) ......................................।
4. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), उपाकालि, वि0क्रा0वि0 गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।

**(अनिल कुमार)**
**प्रबन्ध निदेशक**

"विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन", कांवली रोड, देहरादून-248001, दूरभाषः 91-35-2768895 फैक्सः 91-135-2768867
"Victoria Cross Vijeta Gabar Singh Urja Bhawan", Kanwali Road, Dehradun-248001. Phone: 91-135-2768895 Fax: 91-135 -2768867